Title: **Need to provide more railway facilities to the people of Marathwada region in Maharashtra.**

श्री चन्द्रकांत खैरे (औरंगाबाद, महाराट्र) : अध्यक्ष महोदय, रेल सेवा किसी भी क्षेत्र के विकास हेतु अति आवश्यक है, लेकिन पिछले 50 वाा॓ में मराठवाड़ा क्षेत्र (महाराट्र) के रेलवे विकास हेतु कोई योजना का क्रियान्वयन नहीं किया गया है। इस कारण मराठवाड़ा (महाराट्र) की जनता में अपार रोा है। इसका स्पट उदाहरण 25 जून, 2000 को सम्पूर्ण मराठवाड़ा में रेल रोको आंदोलन और 22 जनवरी, 2001 को मराठवाड़ा बंद के दौरान देखने को मिला। हमने 1 फरवरी, 2001 और 7 फरवरी 2001 को रेल मंत्री महोदय को ज्ञापन दिया है। हम माननीय प्रधान मंत्री जी से भी मुम्बई में मिले थे। इसके अनुसार ही इस बजट में मराठवाड़ा के लिए योजनाओं की घोाणा होनी थी, परंतु ऐसी घोाणा नहीं हुई। इसके कारण मराठवाड़ा क्षेत्र के लोगों ने दिनांक 27 फरवरी से जगह-जगह आंदोलन शुरू किया है। मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी और माननीय प्रधान मंत्री जी से विनती करता हूं कि मराठवाड़ा की जनता की अपेक्षा पूरी की जाए।